जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव जीवाजी विश्वविद्यालय के नाम से ही किया जावे न कि किसी अन्य पदाधिकारी के नाम से।
सम्बन्धित विषय पर यदि पूर्व में पत्र व्यवहार हुआ हो तो पत्र क्रमांक एवं दिनांक अवश्य लिखा जावे जिससे सुविधा हो।

ग्राम : यूनीवर्सिटी
दूरभाष : 0091-(0751) 2442801 (कार्यालय)
2442462 (निवास)
फैक्स : (0091-0751-2341768
E-mail : jureg_gwl@rediffmail.com
Website : http://www.jiwaji.edu/

प्रेषक :
कुलसचिव,
जीवाजी विश्वविद्यालय
ग्वालियर

क्रमांक : एफ/सम्बद्धता/2015/2052

दिनांक 16-06-2015

// अधिसूचना //

विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 26(i)(v) एवं 24(xii) के अन्तर्गत कार्यपरिषद की बैठक दिनांक 13 मार्च, 2015 के पद क्रमांक (24) के निर्णयानुसार कॉलेज ऑफ नर्सिंग साइंस एंड रिसर्च, ग्वालियर को सत्र 2014-15 के लिये प्रस्तावित/संचालित एम.एस-सी. नर्सिंग, बी.एस.-सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिये अस्थाई सम्बद्धता निम्न शर्तों के साथ प्रदान की जाती हैं।

शर्तें एवं प्रतिबंध :-

1. महाविद्यालय द्वारा सूचित किया गया है कि सत्र 2013-14 के लिए किए गए निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रति विश्वविद्यालय ने महाविद्यालय को प्रेषित नहीं की है। अतः उसमें लगाई गई शर्तो के अनुपालन के विषय में कोई टिप्पणी नहीं की जा रही है।
2. महाविद्यालय में संचालित पाठ्यकमों के अध्यापन के लिए वांछित उचित योग्यताधारी शैक्षणिक स्टाफ के बारे में महाविद्यालय के द्वारा सूचित किया गया है कि यह प्रकरण विश्वविद्यालय की ओर से लम्बित है 28(17) की नियुक्तियों का विश्वविद्यालय से अनुमोदन प्राप्त नहीं हुआ है। शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए महाविद्यालय प्रबंधन के द्वारा नियुक्तियां की गई है।
3. महाविद्यालय के द्वारा प्रस्तुत पत्रों एंव शपथ पत्रों के अनुसार स्व. गुजराती देवी शिक्षा प्रसार एंव समाज कल्याण समिति के स्वामित्व का वर्तमान भूमि पर यह महाविद्यालय संचालित किया जाना अधिकृत किया गया है। निरीक्षण समिति के अभिमत में इन दस्तावेज का परीक्षण विश्वविद्यालय किसी सक्षम प्राधिकरण विधिक सलाहकार से कराए।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर)
कुलसचिव

प्रति,

1. प्राचार्य, कॉलेज ऑफ नर्सिंग साइंस एंड रिसर्च, ग्वालियर।
2. **सचिव, इण्डियन नर्सिंग कौंसिल, टैम्पल लैन, कोट्ला मार्ग, नई दिल्ली।**
3. आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
4. क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर-चंबल संभाग, मोती महल परिसर, ग्वालियर।
5. उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. अधीक्षक, परीक्षा कक्ष क्रमांक-03, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(हस्ताक्षर)
अधिष्ठाता,
महाविद्यालयीन विकास परिषद्

Office :mycomputer/E/Rajesh/adhisuchna 13 march2015 EC.